वर्ष- 3 , अंक- 04
छपरा
25 नवंबर मंगलवार
2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live



# नहीं रहे बॉलीवुड के 'ही-मैन'

### धर्मेंद्र ने 89 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा

**मुंबई , एजेंसी ।** हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र ने 89 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया। वह पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। सोमवार 24 नवंबर की सुबह उन्होंने जुहू स्थति अपने घर में अंतिम सांस ली। अभिनेता का अंतिम संस्कार विले पार्ले स्थति पवन हंस श्मशान भूमि में किया गया। सलमान खान, शाहरुख खान, अक्षय कुमार और अमिताभ बच्चन समेत कई बॉलीवुड हस्तियों ने श्मशान घाट पहुंच कर अभिनेता को श्रद्धांजलि दी। धर्मेंद्र का जन्म लुधियाना में 8 दिसंबर 1935 को हुआ था। उनका पूरा नाम धर्मेंद्र केवल कृष्ण देओल था। उन्होंने 1960 में हिन्दी फिल्मों में पदार्पण किया। बलराज साहनी और कुमकुम इस फिल्म में उनके सह-कलाकार थे। उनकी पहली फिल्म थी, 'दिल भी तेरा हम भी तेरे।' अर्जुन हिंगोरानी की फिल्म में उन्हें 'धर्मेंद्र' के नाम से प्रस्तुत किया गया और यही उनका फिल्मी नाम बन गया। धर्मेंद्र की पहली चर्चित फिल्म बिमल रॉय की बन्दिनी थी जिसमें उनके साथ सुपरस्टार अभिनेत्री नूतन थीं।

**दोस्त 'वीरू' को खोने के गम में नजर आए -** बॉलीवुड से एक दुखद खबर सामने आई है। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का आज (24 नवंबर) 89 साल की उम्र में निधन हो गया। कुछ दिनों पहले उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बता दें कि, हीमैन का अंतिम संस्कार विले पार्ले पवन हंस श्मशान घाट में हुआ। अपने को-एक्टर और करीबी दोस्त धर्मेंद्र के निधन के बाद अमिताभ बच्चन बेटे अभिषेक बच्चन के साथ हीमैन के अंतिम संस्कार में पहुंचे। बिग बी की एक तस्वीर सामने आई हैं जिनमें उनके चेहरे पर दोस्त को खोने का गम साफ-साफ दिख रहा है और वह भावुक नजर आए।



**भारतीय सिनेमा के लिए एक बड़ी क्षति है: राष्ट्रपति -** वरिष्ठ अभिनेता और पूर्व सांसद धर्मेंद्र जी का निधन भारतीय सिनेमा के लिए एक बड़ी क्षति है। वे देश के सबसे लोकप्रिय अभिनेताओं में से एक थे और उन्होंने अपने लंबे फिल्मी करियर में कई यादगार किरदार निभाए। भारतीय सिनेमा की दुनिया में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।



**वह एक प्रतिष्ठित फिल्म हस्ती थे, एक अद्भुत अभिनेता-** धर्मेंद्र जी का निधन भारतीय सिनेमा के एक युग के अंत का प्रतीक है। वह एक प्रतिष्ठित फिल्म हस्ती थे, एक अद्भुत अभिनेता, जिन्होंने हर किरदार में गहराई और आकर्षण भरा। विभिन्न भूमिकाओं को निभाने का उनका अंदाज अनगिनत लोगों के दिलों को छू जाता था। धर्मेंद्र जी को उनकी सादगी, विनम्रता और गर्मजोशी के लिए भी उतना ही सराहा जाता था। इस दु:ख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, मित्रों और असंख्य प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।

## अमेरिका का वीजा नहीं मिला तो सुसाइड किया

### महिला डॉक्टर ने सुसाइड नोट में लिखा- तनाव में हूं

**हैदराबाद,एजेंसी।** हैदराबाद में रहने वाली महिला डॉ. रोहिणी (38) ने अमेरिका का वीजा नहीं मिलने पर सुसाइड कर लिया। उसकी लाश फ्लैट से बरामद हुई। पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें वीजा नहीं मिलने के कारण डिप्रेशन होने और इसी वजह से सुसाइड करने की बात लिखी हुई है।

चिलकलगुडा थाना पुलिस ने बताया कि घटना 21 नवंबर की रात की है। रोहिणी ने या तो नींद की गोलियां की ओवरडोज की थी या किसी तरह का इंजेक्शन लिया था। मौत की असली वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगी। मामले की जांच दूसरे एंगल से भी की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि रोहिणी आंध्र प्रदेश के गुंटूर की रहने वाली थी। हैदराबाद में पदमा नगर में फ्लैट लेकर रहती थी। 22 नवंबर की सुबह रोहिणी की मेड फ्लैट पर पहुंची थी। उसने दरवाजा खटखटाया, लेकिन रोहिणी ने दरवाजा नहीं खोला।

## दिल्ली में गलत रनवे पर उतरा अफगानिस्तान का प्लेन



**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक बड़ा हादसा टल गया। यहां अफगानिस्तान का एक विमान उड़ान भरने वाले रनवे पर उतर गया। गनीमत रही कि इस रनवे पर कोई दूसरा विमान नहीं था। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। घटना रविवार दोपहर 12:06 बजे की है, लेकिन सोमवार सुबह मीडिया में आई। अफगानिस्तान की एरियाना एयरलाइंस की यह फ्लाइट FG 311 काबूल से आ रहा था। सूत्रों के मुताबिक, विमान को रनवे 29 Left (29L) पर लैंडिंग की अनुमति दी गई थी, लेकिन पायलट ने गलती से इसे रनवे 29 Right (29R) पर उतार दिया। यह रनवे आमतौर पर टेकऑफ के लिए इस्तेमाल होता है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, उस समय रनवे 29R पर कोई विमान टेकऑफ के लिए मौजूद नहीं था, वरना गंभीर हादसा हो सकता था। एविएशन अथॉरिटीज ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उनका कहना है कि अफगानिस्तान के एविएशन अधिकारियों को इस गंभीर गलती को लेकर रिपोर्ट भेजी जाएगी। दिल्ली एयरपोर्ट के अधिकारियों ने विमान के गलत रनवे पर उतरने की घटना को मिरेकल एस्केप बताया है।



# आज मोदी रामलला की धर्मध्वजा फहराएंगे

### राम मंदिर कोएटीएस-एनएसजी कमांडोज ने घेरा, हेलिकॉप्टर से निगरानी, 1000 क्विंटल फूलों से सजाया

**अयोध्या,एजेंसी।** अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वज फहराने की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। शहर को 1000 क्विंटल फूलों से सजाया जा रहा है। मंदिर पर फहराई जाने वाली धर्मध्वज जन्मभूमि पहुंच चुकी है। कल यानी मंगलवार को पीएम मोदी मंदिर के 191 फीट ऊंचे शिखर पर पहली बार ध्वज फहराएंगे।

राम जन्मभूमि और आसपास की सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है। हेलिकॉप्टर से निगरानी की जा रही है। ATS-NSG कमांडो ने मंदिर को घेर रखा है। इसके अलावा, SPG, CRPF और PAC के जवान भी तैनात हैं। 5 लेयर में मंदिर की सुरक्षा है।

सीएम योगी आज समारोह की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचेंगे। संघ प्रमुख मोहन भागवत भी आज पहुंच जाएंगे। समारोह में उन 100 दानदाताओं को आमंत्रित किया गया है, जिन्होंने राम मंदिर निर्माण में 2 करोड़ से ज्यादा दान दिया था। हालांकि, शंकराचार्यों को नहीं बुलाया गया है। ट्रस्ट ने अपील की है कि 25 नवंबर को आम श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए न आएं। 23 नवंबर की रात 11 बजे से अयोध्या की तरफ लोडर गाड़ियां जैसे- ट्रक, ट्रैक्टर रोक दी गई हैं। यह 26 नवंबर की आधी रात तक रहेगी।



नगर निगम की टीम मंदिर के आसपास एरिया से स्ट्रीट डॉग और छुट्टा जानवरों को पकड़कर दूसरी जगहों पर भेज रही है। आज सुबह 20 स्ट्रीट डॉग पकड़े गए।

### आमंत्रण न मिलने से पुरोहित नाराज, बोले- ट्रस्ट अपनी पसंद वालों को बुला रहा

अयोध्या के पुरोहित समाज ने कार्यक्रम का खुलकर बहिष्कार करते हुए पीएम मोदी के स्वागत से इनकार कर दिया है। तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट और तीर्थ पुरोहित समाज सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों राजेश महाराज, दुर्गेश महाराज, ओमप्रकाश महाराज और प्रदीप महाराज ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और जिला प्रशासन उन्हें लगातार बड़े कार्यक्रमों से दूर रख रहा है, जबकि वे सदियों से मंदिर परंपराओं और धार्मिक विधियों का नेतृत्व करते आए हैं। ट्रस्ट सार्वजनिक रूप से कह रहा है कि सभी समाजों को बुलाया गया है।

## तमिलनाडु में 2 बसों की आमने-सामने टक्कर, 6 की मौत, 28 यात्री घायल



### पुलिस बोली- ड्राइवर की गलती से हादसा, ओवरस्पीड में चला रहा था

**तेनकासी,एजेंसी।** तमिलनाडु के तेनकासी जिले में सोमवार को दो बसों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। जबकि 28 घायल हो गए हैं।

मरने वालों में 5 महिलाएं और एक पुरुष शामिल है। मदुरै से सेनकोट्टई जा रही बस और तेनकासी से कोविलपट्टी जा रही बस टकराने से हादसा हुआ।

पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में पता चला है कि गलती ड्राइवर की थी। मदुरै से सेनकोट्टई जा रही बस का ड्राइवर लापरवाही और तेज स्पीड में गाड़ी चला रहा था।

घायल यात्रियों का नजदीकी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। कुछ पीड़ितों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस का कहना है कि मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है।

बस में फंसे यात्रियों को निकालने के लिए जेसीबी की मदद लेनी पड़ी। इसके बाद उन्हें अस्पताल में इलाज के लिए 25 से ज्यादा एम्बुलेंस बुलाई गईं।

# पाकिस्तानी सेना पर दो सुसाइड अटैक हेडक्वार्टर में घुसे हमलावर, 3 कमांडो को मारा

### जवाबी एक्शन में 3 हमलावर मारे गए, टीटीपी पर आरोप

**इस्लामाबाद,एजेंसी।** पाकिस्तान के पेशावर में सोमवार सुबह फ्रंटियर कॉन्स्टेबुलरी (FC) मुख्यालय पर हुए दो आत्मघाती हमले में 6 लोग मारे गए, जिनमें 3 कमांडो और 3 हमलावर शामिल हैं। कई लोग घायल भी हुए हैं।

अधिकारियों के मुताबिक हमलावरों ने गोलियों और आत्मघाती हमलों के जरिए इस दफ्तर को निशाना बनाया, जिसके बाद बड़े स्तर पर सिक्योरिटी ऑपरेशन चलाया। हमला सुबह करीब 8 बजे शुरू हुआ।

पुलिस ने बताया कि पैरामिलिट्री इमारत के मुख्य गेट पर दो धमाके हुए। इसके तुरंत बाद हथियारबंद हमलावर अंदर घुस गए और सुरक्षा कर्मियों से उनकी मुठभेड़ हुई। FC कमांडो और पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में कैंपस के अंदर तीन हमलावरों को मार गिराया।



### पहले हमले का फायदा उठाकर कैंपस में घुसा दूसरा हमलावर

सूत्रों ने न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि हमले में कम से कम दो आत्मघाती हमलावर शामिल थे। पुलिस के मुताबिक तीन FC जवान मुख्य गेट पर हुए धमाके में मारे गए, जबकि हमलावर अंदर हुई गोलीबारी में ढेर हुए। पेशावर के कैपिटल सिटी पुलिस ऑफिसर डॉ. मियां सईद ने बताया कि पूरे इलाके को सील कर दिया गया है और यह तय करने के लिए तलाशी अभियान चल रहा है कि कहीं कोई और खतरा बाकी न हो।

एक सीनियर अधिकारी ने रॉयटर्स से कहा कि पहले हमलावर ने मेन गेट पर हमला किया, जिसका फायदा उठाकर दूसरा हमलावर कैंपस के अंदर घुसने में कामयाब रहा। फिलहाल सेना और पुलिस ने पूरे इलाके की नाकेबंदी कर रखी है। उन्हें शक है कि मुख्यालय के अंदर अभी भी कुछ आतंकवादी छिपे हो सकते हैं।

**पाकिस्तान ने हमले के लिए TTP को जिम्मेदार बताया :** पाकिस्तान फौज ने आरोप लगाया है कि इस हमले के पीछे भारतीय प्रॉक्सी फितना-उल-खवारिज जिम्मेदार है। यह शब्द पाकिस्तान तालिबान TTP के लड़ाकों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। स्नष्ट पाकिस्तान की एक सिविल मिलिट्री फोर्स है, जिसका मुख्यालय एक भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थित है और सैन्य कैंटोनमेंट के करीब है।




# देश के 53वें सीजेआई बने जस्टिस सूर्यकांत शपथ के बाद भाई, बहन के पैर छुए

### पूर्व सीजेआई गवई से गले मिले; मोदी-शाह से मिलने पहुंचे

**नई दिल्ली,एजेंसी।** जस्टिस सूर्यकांत ने सोमवार को देश के 53 वें मुख्य न्यायाधीश (CJI) के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में हुए समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। इसके बाद उन्होंने वहां मौजूद बहन और बड़े भाई के पैर छुए। इस कार्यक्रम में उनके परिवार के लोग शामिल हुए।

शपथ के बाद सीजेआई सूर्यकांत ने पीएम मोदी समेत अन्य लोगों से मुलाकात की। वे पूर्व सीजेआई बीआर गवई से गले मिले। इस समारोह में ब्राजील समेत सात देशों के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के जज भी राष्ट्रपति भवन पहुंचे। भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में पहली बार किसी सीजेआई के शपथ ग्रहण में इतने बड़े अंतरराष्ट्रीय न्यायिक प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी रही। समारोह में भूटान, केन्या, मलेशिया, मॉरिशस, नेपाल और श्रीलंका के मुख्य न्यायाधीश और उनके परिवार के सदस्य भी पहुंचे। इस दौरान पूर्व सीजेआई गवई ने एक नई मिसाल कायम की। शपथ ग्रहण समारोह के बाद उन्होंने अपनी आधिकारिक गाड़ी राष्ट्रपति भवन में ही अपने उत्तराधिकारी जस्टिस सूर्य कांत के लिए छोड़ दी।





**सीजेआई सूर्यकांत का कार्यकाल 14 महीने का होगा :** वर्तमान सीजेआई बीआर गवई का कार्यकाल रविवार 23 नवंबर को खत्म हो गया। उनके बाद अब जस्टिस सूर्यकांत यह जिम्मेदारी संभालेंगे। जस्टिस सूर्यकांत 9 फरवरी 2027 को रिटायर होंगे और उनका कार्यकाल लगभग 14 महीने का होगा।

### चंद्रशेखर रावण की रैली में शामिल होंगी रोहिणी, ट्वीट किया- मंच पर तेरे साथ बैठूंगी, स्पीच भी दूंगी; किसी ने हाथ लगाया तो देश देखेगा

**इंदौर,एजेंसी।** भीम आर्मी चीफ और उत्तर प्रदेश के सांसद चंद्रशेखर आजाद 'रावण' की मुजफ्फर नगर के राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में होने वाली संविधान रैली से पहले सोशल मीडिया पर नया विवाद खड़ा हो गया है। रैली भले राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों के लिए रखी गई हो, लेकिन यह चंद्रशेखर की एक्स गर्लफ्रेंड डॉ. रोहिणी घावरी के तीखे पोस्ट के चलते अचानक सुर्खियों में आ गई है। इंदौर की रहने वाली डॉ. रोहिणी घावरी ने सोशल मीडिया पर चंद्रशेखर को सीधे लहजे में चुनौती देते हुए लिखा- चंद्रशेखर के मंच से अगर किसी ने मुझे हाथ भी लगाया तो पूरा देश देखेगा इसका महिला सम्मान।



### इंडिया गेट पर नक्सली हिड़मा के पोस्टर लहराए गए

## लाल सलाम और अमर रहे के नारे लगे; दिल्ली प्रदूषण के खिलाफ था प्रदर्शन, 22 गिरफ्तार

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली में इंडिया गेट पर रविवार देर शाम वायु प्रदूषण के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल लोगों ने देश के मोस्ट वांटेड नक्सली कमांडर माड़वी हिड़मा (44) के पोस्टर लहराए। पोस्टरों में हिड़मा की तुलना आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा से की गई। हिड़मा को जल, जंगल और जमीन का रखवाला बताया गया। प्रदर्शनकारियों ने माड़वी हिड़मा अमर रहे जैसे नारे लगाए। उन्होंने पोस्टरों पर भी माड़वी हिड़मा को लाल सलाम जैसे नारे लिखे थे। एक प्रदर्शनकारी के पोस्टर पर लिखा था बिरसा मुंडा से लेकर माड़वी हिड़मा तक, हमारे जंगलों और पर्यावरण का संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान भीड़ की पुलिस से हाथापाई भी हुई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर मिर्च स्प्रे कर दिया, जिससे तीन-चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को दो थानों में FIR दर्ज की हैं। अब तक 22 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बता दें कि नक्सली हिड़मा एक करोड़ का इनामी नक्सली था। सुरक्षाबलों ने 18 नवंबर को आंध्र प्रदेश के एलूरी सीताराम राजू जिले में हिड़मा को एनकाउंटर में मार गिराया था। वह ढाई दशक से छत्तीसगढ़ के बस्तर में एक्टिव था। वह 26 बड़े हमलों का मास्टरमाइंड था।



# अल-फलाह यूनिवर्सिटी के डॉक्टरों के लॉकर चेक होंगे, पुलिस प्रोफेसरों की बैंक डिटेल जुटा रही

### फरीदाबाद की मस्जिद में मिला संदिग्ध पाउडर

**फरीदाबाद,एजेंसी।** हरियाणा के फरीदाबाद में पकड़े गए आतंकी मॉड्यूल से विस्फोटक बनाने का सामान मिलने के मामले में एक नया खुलासा हुआ है। पता चला है कि ये केमिकल फरीदाबाद, नूंह और आसपास के इलाकों से खरीदे गए थे। मॉड्यूल में शामिल डॉक्टर अमोनियम नाइट्रेट जैसे केमिकल जमा कर रहे थे, जिनका इस्तेमाल खाद बनाने में होता है।इसके बाद, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने तुरंत एक बड़ा अभियान शुरू किया है। वे खाद की दुकानों, केमिकल गोदामों, हार्डवेयर की दुकानों और कारखानों की जांच कर रहे हैं। पुलिस यह देख रही है कि हर दुकानदार ने कितना सामान खरीदा और बेचा, स्टॉक रजिस्टर में क्या लिखा है और सामान खरीदने वालों की पहचान क्या है।




फरीदाबाद पुलिस मस्जिद, होटल, कॉलोनियों, धर्मशालाओं और खाद-बीज की दुकानों में तलाशी ले रही है। डबुआ के त्यागी मार्केट स्थित जामा मस्जिद से एक संदिग्ध पाउडर मिलने के बाद जांच एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। अब इस पाउडर के सैंपल की लैब रिपोर्ट का इंतजार है।

# फारबिसगंज किराना कारोबारी से 8.21 लाख लूटकांड मामले में लाइनर गिरफ्तार



**अररिया,एजेंसी।** फारबिसगंज के दीनदयाल चौक स्थित ओम एजेंसी किराना के थोक विक्रेता प्रतिष्ठान में 20 नवंबर की शाम को हुए 8.21 लाख रूपये लूटकांड मामले में पुलिस ने तीन दिनों के बाद गिरोह के शिनाख्त कर लेने का दावा किया है और मामले में स्थानीय एक लाइनर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लाइनर भागकोहलिया का रहने वाला 24 वर्षीय नरेश मंडल है।

एसपी अंजनी कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में रविवार शाम आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस ने लाइनर नरेश मंडल की गिरफ्तारी के साथ घटना में उपयोग में लाए गए मोटरसाइकिल और मोबाइल बरामद किया है।

एसपी अंजनी कुमार ने बताया कि 20 नवंबर की शाम जीवराज पारख चौक स्थित ओम एजेंसी किराना दुकान में 8 लाख 21 हजार रुपये की चार नकाबपोश अपराधियों के द्वारा लूट की गई थी। मामले को लेकर प्रतिष्ठा के 21 वर्षीय राहुल कुमार पिता सुरेंद्र प्रसाद कनौजिया के फर्द बयान पर फारबिसगंज थाना में प्राथमिकी कांड संख्या 581/25 दिनांक 21.11.25 धारा 309(4) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया।

एसपी ने बताया कि मामले के उद्भेदन को लेकर फारबिसगंज अनुमंडल पदाधिकारी की मुकेश कुमार साहब के नेतृत्व में फारबिसगंज थाना और डीआईयू की टीम को मिलाकर एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा तकनीकी अनुसंधान सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन और सूचना संकलन के पश्चात पाया कि घटना को अंतर जिला अपराधियों द्वारा स्थानीय अपराधियों के साथ मिलकर अंजाम दिया गया। तकनीकी अनुसंधान के आधार पर घटना में लाइनर की भूमिका निभाने वाले भागकोहलिया निवासी 24 वर्षीय नरेश मंडल को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और मोबाइल बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार लाइनर ने घटना में शामिल स्थानीय एवं अंतर जिला अपराधियों की के बारे में जानकारी दी है जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

छापामारी दल में डीआईयू के साथ फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार सिंह,एसआई आशुतोष कुमार विजय कुमार सत्येंद्र कुमार गुप्ता आकाश कुमार काजल कुमारी के साथ सशस्त्र पुलिस बल के जवान मौजूद थे। वहीं दूसरी और घटना के तीन दिन के बाद पैसों की बरामदगी नहीं हो पाने और लाइनर के नाम पर एक की गिरफ्तारी को लेकर व्यवसाईयों के बीच कई तरह की चर्चाएं फिजा में गूंज रही है।

# मधुबनी में दुकानदार की चाकू मारकर हत्या गुटखा उधार न देने पर ग्राहक ने वारदात को दिया अंजाम



**पंडोल, मधुबनी,एजेंसी।** मधुबनी में रविवार शाम एक किराना दुकानदार की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना नगर थाना क्षेत्र के खजूरी नवटोलिया में हुई। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी राजेश सहनी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रविवार शाम करीब 5ः30 बजे एक ग्राहक ने गुटखा उधार न देने पर दुकानदार राजेश सहनी पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में राजेश सहनी की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही मधुबनी नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मधुबनी भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की भाभी सुनीला देवी ने सदर अस्पताल परिसर में बताया कि हरि नामक ग्राहक ने गुटखा उधार न देने पर उनके देवर राजेश सहनी की चाकू मारकर हत्या कर दी। उन्होंने यह जानकारी रविवार रात 8ः00 बजे दी। मधुबनी नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने पुष्टि की कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि अपराधी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# सारण पुलिस ने किया लूट कांड का उद्भेदन



**सारण,एजेंसी।** सारण पुलिस ने भगवानबाजार थाना क्षेत्र में हुए एक लूट कांड के सफल उद्भेदन किया है। पुलिस ने 30 अक्टूबर को हुई इस वारदात के सिलसिले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से लूटा गया बैग, जिसमें कपड़े, सर्टिफिकेट और पीड़ित का आधार कार्ड था। घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल। दो मोबाइल फोन भी बरामद किया है। यह घटना तब सामने आई थी जब पीड़ित, जो सोनू फाइनेंस बैंक में क्रेडिट ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं, अपनी बाइक से रतनपुर मठिया टोला के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान तीन नकाबपोश अपराधियों ने उन्हें पिस्तौल दिखाकर धमकाया और उनका बैग छीनकर फरार हो गए। इस संबंध में पीड़ित के बयान पर भगवानबाजार थाना में कांड संख्या 598/25 दर्ज किया गया था। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और सघन छानबीन के आधार पर सन्नी कुमार पिता राजू प्रसाद, और शुभम कुमार पिता स्व. सुधीर कुमार, दोनों रतनपुर धर्मनाथ मंदिर, थाना भगवानबाजार निवासी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त सन्नी कुमार का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उस पर पहले भी भगवानबाजार थाना में कांड संख्या 166/25 (दिनांक 27.03.25) के तहत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है।सारण पुलिस ने इस सफलता का श्रेय थाना अध्यक्ष भगवानबाजार और कार्रवाई में शामिल अन्य पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों की विशेष भूमिका को दिया है। सारण पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत है।

# मुजफ्फरपुर में खेत से मिला विवाहिता का शव, गला दबाकर हत्या की आशंका

**पटना/मुजफ्फरपुर,एजेंसी।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर थाना क्षेत्र स्थित दाऊद छपरा गांव में रविवार शाम एक विवाहित महिला का शव संदिग्ध स्थिति में बरामद किया गया। शव गांव के दो खेतों के बीच पड़ा मिला, जिसकी पहचान स्थानीय निवासी पार्वती कुमारी (25 वर्ष) के रूप में हुई है।



शुरुआती जांच में पुलिस ने इसे गला दबाकर की गई हत्या का मामला माना है, क्योंकि मृतका के गले पर गहरे दबाव के निशान पाए गए हैं। पुलिस के अनुसार, ग्रामीणों ने महिला का शव देखने के बाद तुरंत मीनापुर थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर इंस्पेक्टर राम इकबाल प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**पांच वर्ष पूर्व हुई थी शादी, दो साल की है बेटी :** ग्रामीणों ने बताया कि पार्वती की शादी दिसंबर 2020 में गरहा के पटियासा गांव में हुई थी। उसकी दो वर्ष की एक बेटी भी है। परिजनों के अनुसार वह अक्सर मायके और ससुराल के बीच आती-जाती रहती थी। मृतका एक किसान परिवार से थी।

**प्रेम-प्रसंग का एंगल भी खंगाल रही पुलिस :** मीनापुर थानेदार राम इकबाल प्रसाद ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। शुरुआती इनपुट और कुछ सूत्रों की जानकारी के आधार पर अवैध संबंध या प्रेम प्रसंग को लेकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले का जल्द खुलासा किया जाएगा और दोषियों को गिरफ्तारी के दायरे में लाया जाएगा। पुलिस परिजनों और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है, ताकि घटना के पीछे की वजह स्पष्ट हो सके।

# पानी भरे गड्ढे में 2 भाई डूबे, एक की मौत

**समस्तीपुर,एजेंसी।** समस्तीपुर के मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र के रमैया वार्ड-8 मोहल्ला में पानी भरे गड्ढे में रविवार देर शाम 2 चचेरे भाई डूब गए। हालांकि लोगों ने एक को बचा लिया, जबकि दूसरे की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव के पंकज कुमार के बेटे युवराज कुमार (6) के रूप में की गई है। दूसरे बच्चा पंकज का भतीजा आर्यन कुमार (7) है। घटना की सूचना पर पहुंची मोहिउद्दीन नगर थाने की पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर देर रात सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया। जिसके बाद शव परिजन को सौंप दिया गया।

**पिता खेत में गए थे :** मृतक युवराज के पिता पंकज कुमार ने कहा कि मैं खेत गया था। इसी दौरान शाम में लोगों ने फोन कर जानकारी दी कि बेटा और भतीजा घर के पास बने गड्ढे में डूब गया है। मैं गांव लौटा और लोगों के प्रयास से बच्चों की खोजबीन शुरू हुई। दोनों बच्चा को खोज कर बाहर निकाला गया। तत्काल दोनों को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने युवराज को मृत घोषित कर दिया। जबकि आर्यन की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया। परिवार के लोग शहर के एक निजी अस्पताल में उसका उपचार करा रहे हैं, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। पटोरी डीएसपी बीके मेधावी ने कहा कि खेलने के दौरान 2 बच्चे डूब गए थे, जिसमें से एक बच्चे की मौत हो गई। दूसरे का अभी उपचार चल रहा है। घटना को लेकर एक यूडी केस दर्ज किया है।

# नवादा में घर में घुसकर अपराधियों ने की वृद्धा की हत्या, बेटी गंभीर



**नवादा,एजेंसी।** नवादा जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। रविवार को नगर थानाक्षेत्र के राजेंद्र नगर मुहल्ला में एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। यहां चार नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसकर मां-बेटी पर चाकू और पेंचकस से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में 65 वर्षीय महिला सावित्री देवी की मौत हो गई, जबकि उनकी 27 वर्षीय बेटी प्रांजली पासवान गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बेटी का इलाज पटना में चल रहा है जहां उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

घटना के दौरान सावित्री देवी की पुत्रवधू ने अदम्य साहस दिखाते हुए अपने बच्चों को लेकर कमरे में खुद को बंद कर लिया, जिससे उनकी जान बच गई। बताया जा रहा है कि नकाबपोश अपराधी हत्या के उद्देश्य से ही घर में घुसे थे और वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। हमलावरों ने मां-बेटी को ताबड़तोड़ कई वार किए, जिससे दोनों गंभीर रूप से लहूलुहान हो गईं। परिजनों और आसपास के लोगों ने आनन-फानन में दोनों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान सावित्री देवी ने दम तोड़ दिया।

घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका के परिजनों और स्थानीय नागरिकों में जबरदस्त आक्रोश है। गुस्साए लोगों ने नवादा समाहरणालय के निकट शव रखकर सड़क जाम कर दिया और न्याय की मांग करने लगे। जाम के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया और प्रशासनिक अधिकारियों के लिए स्थिति संभालना चुनौती बन गया।

सूचना मिलने पर सदर एसडीपीओ हुलास कुमार दलबल के साथ घटनास्थल और प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को शांत कराने का प्रयास किया और आश्वासन दिया कि पुलिस हर पहलू पर गहन जांच कर रही है और जल्द ही अपराधियों की धरपकड़ होगी। उन्होंने कहा कि मामले के कारणों का अभी स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है, लेकिन सभी संभावित बिंदुओं पर जांच जारी है और सीसीटीवी फुटेज तथा अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों की पहचान की जा रही है।

# जहानाबाद में दो अलग-अलग सड़क हादसे में दो घायल एक पीएमसीएच रेफर, दूसरे का सदर अस्पताल में इलाज जारी



**जहानाबाद,एजेंसी।** हानाबाद जिले में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घटनाओं में वाहन चालक मौके से फरार हो गए, जबकि घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में लग गई है।

**काकोङ्कजहानाबाद रोड पर बुलेट सवार युवक गंभीर रूप से घायल :** पहली घटना काको-जहानाबाद रोड पर देर रात हुई। जानकारी के मुताबिक, एक युवक बिहार शरीफ से बुलेट मोटरसाइकिल से कुर्था जा रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात फोर व्हीलर ने जोरदार चकमा दिया, जिसके कारण बाइक बेकाबू होकर सड़क किनारे जा गिरी। रात होने के चलते सड़क पर आवाजाही कम थी, लेकिन आसपास मौजूद लोगों ने दुर्घटना को देखा और तुरंत स्थानीय थाना को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

परिजनों के अनुसार, युवक कुर्था एक शादी समारोह में जा रहा था। उनका कहना है कि अज्ञात वाहन चालक की लापरवाही के कारण यह दुर्घटना हुई है। हादसे के बाद फोर व्हीलर चालक फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुट गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों से सूचना इकट्ठा कर रही है।

**पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा :** दूसरी घटना घोसी थाना क्षेत्र की है, जहां जहानाबाद रोड पर कजिसराय के पास हुई। लखवार गांव निवासी जितेंद्र यादव पैदल जा रहे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में जितेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें पीएमसीएच रेफर कर दिया।

**शादी के मौसम में बढ़ रही दुर्घटनाएं :** स्थानीय लोगों का कहना है कि शादी-विवाह के सीजन में सड़क पर वाहन और भीड़ बढ़ जाती है, जिससे हादसों की संख्या भी तेज़ी से बढ़ रही है। पुलिस ने अपील की है कि लोग वाहन चलाते समय गति और सतर्कता का विशेष ध्यान रखें, ताकि ऐसे हादसों को रोका जा सके।

# दरभंगा में फंदे से लटकी मिली महिला की लाश:पिता का आरोप- दूसरी लड़की के लिए दामाद ने मार डाला

## ससुर बोले- बेटे को फांसी की सजा होनी चाहिए



**दरभंगा,एजेंसी।** दरभंगा में संदिग्ध हालत में एक महिला की मौत हो गई। फंदे से लटकता हुआ शव मिला है। पिता ने दामाद पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। मृतका की पहचान तेज नारायण दास की पत्नी गीता देवी(38) के तौर पर हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है। घटना केवटी थाना क्षेत्र के बरही गांव की है।

बहादुरपुर के बराउर निवासी पिता रामवृक्ष दास ने बताया कि दामाद का पिछले 2 साल से शादीशुदा महिला रामदुलारी देवी से अफेयर चल रहा है। उसी के साथ रहता था। कभी-कभी घर आता था। इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद होता था। घर आने पर मेरी बेटी के साथ मारपीट करता था। कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन वह नहीं सुधरा। उसी महिला के साथ रहता था। बेटी को मारकर फांसी पर लटका दिया गया है। प्रशासन से न्याय की मांग करते हैं। बहू के साथ मारपीट करता था वहीं, मृतका के ससुर जोगी दास ने कहा कि अपने बेटे के व्यवहार से मैं बहुत परेशान था। वह राजमिस्त्री का काम करता था। करीब छह साल से दूसरी महिला से उसका संबंध है। उसी के साथ घूमता था। घर में भी उसे रखना चाहता था, इसी बात को लेकर घर में झगड़ा होता था। मेरी बहू गीता के साथ मारपीट भी करता था।

घटना के दिन गीता दिनभर सामान्य रूप से घर के काम में लगी रही। शाम को पास में शादी समारोह था। इस बीच परिजनों की नजर नहीं रही। दरवाजा बंद करके अंदर फंदे से झूल गई। बहू को मेरे बेटे ने बहुत दुख दिया है। 13 साल की एक बेटी है। 7 और 14 साल का दो बेटा है। जांच के बाद उसे फांसी होनी चाहिए। तीन बच्चे हैं। मैं बच्चों की देखभाल कर लूंगा।

# भोजपुर में बनास नदी में डूबने से किसान की मौत पैर फिसलने से हुआ हादसा; ग्रामीणों ने शव निकाला बाहर

**आरा(भोजपुर),एजेंसी।** भोजपुर में बनास नदी में डूबने से एक किसान की मौत हो गई। हाथ-पैर धोते समय हादसा हुआ है। मृतक की पहचान छोटन राम(55) के तौर पर हुई है। घटना गड़हनी थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव की है।




मृतक के भतीजे राजेश कुमार राम ने बताया कि खेत में धान काटने के लिए में गए थे। इस बीच शौच करने के लिए नदी किनारे गए थे। उसी दौरान पैर फिसलने से पानी में डूब गए। हादसे के बाद बकरी चरा रही लड़कियों ने इसकी सूचना परिवार के सदस्यों को दी। जिसके बाद हमलोग घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला।

**घर में मचा कोहराम :** जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया। परिवार में पत्नी सुमित्रा देवी, चार पुत्र राहुल, अमर, श्रवण और अंकित है।

# मदनपुर में ऑटो और बाइक की भीषण टक्करःयुवक गंभीर रूप से घायल, दाहिने पैर और बाएं हाथ में चोटें

**मदनपुर, औरंगाबाद,एजेंसी।** औरंगाबाद के मदनपुर थाना क्षेत्र में रविवार को एक ऑटो ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। यह हादसा शिवनाथ बिगहा मोड़ स्थित एनएच 19 पर हुआ, जिसमें बाइक चालक घायल हो गया। घायल बाइक चालक की पहचान औरंगाबाद के सिमरा गांव निवासी श्यामसुंदर सिंह के 42 वर्षीय पुत्र विनय कुमार के रूप में हुई है। घटना के तुरंत बाद उन्हें मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर कुमार जय ने विनय कुमार का प्राथमिक उपचार किया। विनय कुमार ने बताया कि वह औरंगाबाद से मदनपुर किसी निजी काम से आए थे।



# ठाकुरगंज विधायक ने नशा, खनन के खिलाफ भरी हुंकार बोले- आरोपियों पर 24 घंटे के अंदर कार्रवाई होगी



**किशनगंज (बिहार),एजेंसी।** किशनगंज के ठाकुरगंज विधानसभा 53 से नव निर्वाचित जदयू विधायक गोपाल कुमार अग्रवाल ने पौआखाली थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बाजार में ड्राई नशा और अवैध खनन के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने घोषणा की कि 24 घंटे के भीतर इन गतिविधियों पर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। विधायक अग्रवाल ने इस अवसर पर अपनी जीत के लिए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय बाद उन्हें दोबारा सेवा का मौका मिला है और वे चौतरफा विकास कर अपना फर्ज निभाएंगे। उन्होंने नशा मुक्ति अभियान में सभी से भागीदारी निभाने और एक-दूसरे को जागरूक करने की अपील की। विधायक ने लोगों से प्रशासन का सहयोग लेने का आग्रह किया और कहा कि यदि रोकथाम नहीं होती है, तो वे सीधे उनसे संपर्क कर ऐसे लोगों की जानकारी दें, जिस पर वे स्वयं कार्रवाई करेंगे। उनका उद्देश्य समाज के उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित करना है।

# मोतिहारी में पुलिस ने 5 शराब भट्ठियां ध्वस्त की लाल बकेया

## नदी किनारे 1000 लीटर से अधिक चुलाई शराब नष्ट की गई



**मोतिहारी,एजेंसी।** बिहार में शराबबंदी लागू होने के बावजूद शराब तस्करी का नेटवर्क पूरी तरह थम नहीं पाया है। हालांकि, पुलिस ऐसे तस्करों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई तेज कर रही है। इसी क्रम में मोतिहारी के सिकरहना स्ष्ठक्क उदय शंकर के नेतृत्व में अनुमंडल क्षेत्र में शराब तस्करों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत चिरैया थाना क्षेत्र से होकर बहने वाली लाल बकेया नदी के किनारे चुलाई शराब बनाए जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही स्ष्ठक्क के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई और बताए गए स्थान पर छापेमारी की गई।

**सभी 5 भट्ठियां ध्वस्त की गई :** पुलिस को मौके पर बड़ी मात्रा में अवैध रूप से चुआई शराब तैयार करने के लिए बनाई गई 5 भट्ठियां मिलीं। पुलिस ने इन सभी भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया, वहीं करीब एक हजार लीटर से अधिक अर्ध-निर्मित चुआई शराब को भी नष्ट कर दिया गया। हालांकि, शराब तस्कर पुलिस की कार्रवाई का पता लगते ही मौके से फरार होने में सफल रहे। अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रही पुलिस SDPO उदय शंकर ने बताया कि नेपाल से सटा सीमा क्षेत्र होने के कारण इस इलाके में शराब की तस्करी और अवैध निर्माण की गतिविधियां समय-समय पर सामने आती रहती हैं। इसी वजह से पुलिस लगातार अभियान चलाकर इस तरह की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रही है। फरार हुए शराब तस्करों की पहचान कर ली गईउन्होंने कहा कि फरार हुए शराब तस्करों की पहचान कर ली गई है और उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। स्ष्ठक्क ने आगे बताया कि शराबबंदी को सफल बनाने और तस्करों के नेटवर्क को तोड़ने के लिए थाना स्तर पर भी लगातार गश्ती और छापेमारी जारी रहेगी।

## समारोह में खाना बनाने जा रहे हलवाई ऑटो पलटने में घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चैनपुर गांव में रेलवे अंडरपास के पास ऑटो पलटने से समारोह में खाना बनाने जा रहे 5 हलुवाई घायल हो गए। घायलों में सभी चरिहारा गांव निवासी टुनटुन सहनी, आलोक कुमार , उज्जवल सहनी , पप्पू कुमार सहनी और संजीत सहनी शामिल हैं। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। घटना के बारे में बताया गया कि सभी ऑटो में सवार होकर पानापुर के धेनुकी गांव में शादी समारोह में खाना बनाने जा रहे थे कि ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें सभी घायल हो गए

## बिजली का करेंट लगने से युवक की मौत

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के हरपुरजान गांव में बिजली का करेंट लगने से युवक की मौत हो गई। मृतक हरपुरजान गांव निवासी सरफराज पिता सलामुद्दीन हैं। परिजनों के द्वारा बताया गया कि बिजली का करेंट लगने से अचेतावस्था में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृत घोषित करते ही परिजनों में मातम छा गया।

## फूसनुमा मकान में लगी आग, लाखों की संपति जली

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के हसापीर गांव में फूसनुमा मकान में आग लगने से लाखों रूपए की संपति जल कर राख हो जानें का मामला सामने आया। पीड़ित नसरूदीन साह ने बताया कि आग किसी के द्वारा लगाया गया है। उन्होंने बताया कि अचानक आग की लपटें उठने लगी। जब तक लोग पहुंचते तब तक आग ने सब कुछ जलाकर राख कर दो। आग से साइकिल, बकरी ,गेहूं, चावल,चौकी, खटिया, बिछावन समेत मकान बनाने में लगानें को लकड़ी समेत अन्य लाखों रूपए की सपति जलकर राख हो गई है। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत दर्ज कराने की बात बताई। मौके पर बंगरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू सिंह और उप मुखिया शिव कुमार यादव ने पहुंच मुआयना किया और मुवाअजा दिलवानें का भरोसा दिलाया।

## फरकपुर में अखण्ड अष्टयाम को लेकर निकाली गई भव्य कलशयात्रा

**दैनिक खोज खबर/परसा (सारण)।** विश्व शांति व जनकल्याण के उद्देश्य से परसा प्रखंड के विशुनपुर फरकपुर वस्ती में ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित 24 घंटे का अखंड अष्टयाम को लेकर भव्य कलशयात्रा निकाली गई । शिक्षक रजनीकांत सिंह,अनिल सिंह,मनोरंजन सिंह,सरिता देवी के नेतृत्व में निकाली गई कलश शोभायात्रा में दर्जनों घोड़े डीजे बैंड के साथ सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद थे ।इस दौरान भगवान श्रीराम व जय जय श्री कृष्ण के जयघोष से पूरा माहौल भक्तिमय सा हो गया। कलश शोभायात्रा पवित्र यज्ञ स्थल से विशुनपुर नगर परिभ्रमण करते हुए मिर्जापुर छठी घाट पहुची जहा आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के बीच कलश में जलभरी करायी गयी। शिक्षक रजनीकांत सिंह ने बताया कि अखंड अष्टयाम पूर्णाहुति के उपरांत मंगलवार की शाम महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है। कलश शोभायात्रा में डा विनोद शर्मा,बीडीसी राम प्रवेश राय, सरपंच प्रतिनिधि विजय कुमार गुप्ता तपेश्वर राय, विजय सिंह,पप्पू राय, लालबाबू राय, आनंद कुमार,सिकन्दर राय, प्रभात कुमार,राजेश कुमार,मोहन कुमार सहित दर्जनों महिला पुरुष व युवतियां लाल पीले वस्त्र में शामिल थे।

## समाजिक कार्यकर्ता व हंसमुख व्यक्तित्व के धनी आलोक सिंह उर्फ काली सिंह का ह्रदयाघात से असामयिक निधन

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** एकमा प्रखंड अंतर्गत आमडाढ़ी गांव निवासी युवा ह्रदय सम्राट,समाजिक कार्यकर्ता और हंसमुख व्यक्तित्व के धनी आलोक कुमार सिंह उर्फ काली सिंह का रविवार की शाम ह्रदयाघात से ईलाज के दौरान असामयिक निधन हो गया. उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई. वे दैनिक भाष्कर छपरा कार्यालय के ब्यूरो चीफ अमन कुमार सिंह के बहनोई थे. उनके मौत के बाद श्रद्धांजलि देने और शोक संतप्त परिवार को



सांत्वना देनेवालों का तांता लगा रहा. सांत्वना देनेवालों में सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल के पुत्र प्रमोद सीग्रीवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतेन्द्रनाथ सिंह, बीरेश सिंह, दैनिक भाष्कर अखबार के छपरा कार्यालय के ब्यूरो चीफ अमन कुमार सिंह उनके भ्राता चिकित्सक एवं प्राध्यापक के अलावा पत्रकार के.के. सिंह सेंगर, विजय कुमार सिंह, देवेन्द्र सिंह राठौर, देवकुमार शर्मा, सुनील सिंह, संजय कुमार सिंह, अमन राज, शिक्षक शैलेश कुमार सिंह, समाजसेवी सतेन्द्र नारायण सिंह, पूर्व मुखिया ओमप्रकाश सिंह, विजय सिंह, सहित दर्जनों प्रतिष्ठित लोग शामिल रहे. ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिवार को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें.

## बहन की शादी के खुशी में पसरा मातम, भाई की चाकू मार हत्या



रोते बिलखते परिजन

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण) ।** थाना क्षेत्र के भावलपुर गांव में आई बारात में जनवासा के दौरान आर्केस्ट्रा देखने में दो गुटों में विवाद हो गया। स्थानीय गांव वालों ने मामले को शांत करा दिया। वही लड़की के भाई को आरोपियों ने पकड़ कर चाकू मार हत्या कर दी। सोमवार की सुबह युवक का शव बरामद होने पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए और मौके पर पहुंची पुलिस से अपना आक्रोश जताया। जिसके बाद बड़ी संख्या में पुलिस और वरीय पुलिस अधिकारी पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया। वही गांव में तनाव को लेकर पुलिस कैंप कर रही। मृतक भावलपुर गांव के रामाबलक महतो का पुत्र रिंकू कुमार बताया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि रामाबालक महतो की बेटी की शादी में रविवर को आर्केस्ट्रा आया हुआ था और जनवासा के दौरान दो गुटों में विवाद हो गया। लड़की के भाई रिंकू कुमार ने आरोपियों से पूछताछ करने पहुंचे तो आरोपी और उनके परिजनों ने पकड़ लिया। जिसके बाद मृतक के अन्य परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने डांट लगा कर छोड़ दिया। वहीं सोमवार की सुबह में आरोपी के घर के पास से युवक की शव बरामद किया गया है। जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस पर कार्रवाई में देरी का आरोप लगाया और पुलिस से नोक झोंक भी हुई। बताया जा रहा है कि दो पुलिस कर्मी और चौकीदार जख्मी हो गए। जिसके बाद बड़ी संख्या में पुलिस मौके पर गांव में पहुंची और तनाव को देखते हुए पुलिस कैंप कर रही है।

## शोक : युवा कृषि सलाहकार का निधन

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** मढ़ौरा बाजार निवासी व युवा कृषि सलाहकार विक्की आनंद का निधन हो गया। मिली जानकारी के अनुसार विक्की आनंद को ब्रेन स्ट्रोक हो गया था, जिसके बाद परिजन उनका इलाज पटना में करा रहे थे। सोमवार को मनहूस खबर मिलते ही परिजनों और बाजार के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। अचानक से युवा के निधन के खबर से लोग हतप्रभ हो गए। काफी मिलनसार और हंसमुख युवक के निधन से परिवार ही नही समाज की अपूरणीय क्षति



पहुंची है। शव घर पहुंचने पर बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंच परिजनों का ढाढस बंधाया। विक्की आनंद मढ़ौरा बाजार निवासी रामाकांत प्रसाद के पुत्र और व्यवसाई संघ के राजद नेता विष्णु गुप्ता के छोटे भाई थे और कृषि सलाहकार के पद पर कार्यरत थे।

## नवनिर्वाचित विधायक संजय कुमार सिंह के मंत्री बनने पर बाबा हरिहर नाथ का प्रतीक चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएं दी

**दैनिक खोज खबर/पटना।** विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली ऐतिहासिक विजय के बाद सरकार गठन होने के बाद मंत्री मंडल गठन होने पर लोजपा कोटे से नव निर्वाचित विधायक संजय कुमार सिंह को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री बनाये जाने पर उनको भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह ने भेंट कर उन्हें बाबा हरिहरनाथ का प्रसाद खिलाकर और बाबा हरिहरनाथ का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया और ह्रदय से बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश कुमार सिंह ने कहा की माननीय



मंत्री जी का इससे पहले संघठन मे अनुभवी नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और संघठन के लिए मजबूती से कार्य करने का जो अनुभव है उसका लाभ लोगो को जरूर मिलेगा और कहा की सुशासन का संकल्प ही बिहार को विकास की नई ऊँचाइयों पर ले जायेगा । इस भेंट के दौरान राज्य के समग्र विकास, जनहित एवं जनकल्याण से जुड़े विचारों पर सार्थक चर्चा हुई। मंत्री संजय सिंह जी का सरल, शांत और सकारात्मक मार्गदर्शन सदैव प्रेरणादायक रहा है।

उनके नेतृत्व में बिहार निश्चित ही और अधिक समृद्ध, सक्षम और विकसित बनेगा और इस अवसर पर उनको बाबा हरिहरनाथ मंदिर आने का निमंत्रण भी दिया जिसे उन्होंने सहज स्वीकार किया और कहा की बाबा हरिहरनाथ का दर्शन करने जल्दी ही आएंगे इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मंटू बाबा चंदन मिश्रा मंडल अध्यक्ष मोनू कुमार सिंह युवा मोर्चा सुमंत बाबा गुड्डू सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## कृषि चौपाल में किसानों को दी गयी जानकारी



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड के बहरौली पंचायत अंतर्गत शेखपुरा गांव में सोमवार को रबी फसल को लेकर कृषि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। किसानों को रबी फसल की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराने तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी मुहैया कराने के उद्देश्य से यह चौपाल आयोजित की गयी। कार्यक्रम में कृषि सलाहकार अनिल ठाकुर, दूधनाथ सिंह बीटीएम संजीव कुमार, कृषि समन्वयक राम कुमार सिंह तथा अशोक कुमार समेत कई किसान मौजूद रहें। कृषि विभाग की अधिकारियों द्वारा रबी मौसम में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों गेहूं, चना, मटर, मसूर, सरसों व अन्य फसलों के उन्नत बीजों के उपयोग, संतुलित खाद प्रबंधन, मिट्टी परीक्षण तथा कीट-रोग नियंत्रण की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही किसानों को यह भी बताया गया कि समय पर खेत की जुताई, उचित नमी प्रबंधन और आधुनिक कृषि योजनाओं का लाभ लेकर उत्पादन में काफी बढ़ोतरी की जा सकती है।



## दरौली : 50 उपभोक्ताओं का काटा गया बिजली कनेक्शन

**दरौली(सीवान)।** दरौली प्रखंड में सोमवार को बिजली विभाग की टीम ने बकाया बिल वसूली अभियान के दौरान 50 उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन काट दिया। विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष अभियान का उद्देश्य लंबे समय से बकाया बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं को विद्युत बिल भुगतान के प्रति जागरूक करना है। अभियान का नेतृत्व कर रहे जूनियर इंजीनियर धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं पर तीन हजार रुपये से अधिक का बकाया बिल है या जिन्होंने कई महीनों से भुगतान नहीं किया है, उनके विरुद्ध विभाग के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपभोक्ता नियमित रूप से बिजली बिल जमा करें, अन्यथा आगे भी ऐसे कनेक्शन काटने की प्रक्रिया जारी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग द्वारा बार-बार नोटिस और सूचना देने के बाद भी कई उपभोक्ता बकाया राशि जमा करने में लापरवाही बरत रहे हैं, जिससे विद्युत व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, इसलिए उपभोक्ताओं से अपील है कि जल्द-से-जल्द अपने बकाया बिल जमा कर पुनः विद्युत कनेक्शन बहाल कराएं। कार्रवाई के दौरान सुपरवाइजर रूपेश यादव, एमआरसी जयनंदन सिंह, भोला यादव, उपेंद्र राम, ददन गुप्ता और मुन्ना सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## मारपीट में एक घायल

**सिसवन(सीवान )।** सिसवन थाना क्षेत्र के गंगपुर सिसवन गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान गंगपुर सिसवन निवासी बच्चलाल के पुत्र अंकित कुमार के रूप में हुई है। घायल का इलाज सिसवन के रेफरल अस्पताल में कराया गया। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में एक घायल

**सिसवन(सीवान )।** सिसवन थाना क्षेत्र के सिसवन माझी मुख्य सड़क पर सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान सरौत गांव निवासी सत्येंद्र शाह के पुत्र विमलेश कुमार के रूप में हुई है। घायल का इलाज सिसवन रेफरल अस्पताल में कराया गया।

## सड़क दुर्घटना में एक घायल

**सिसवन/सीवान ।** सिसवन थाना क्षेत्र के सिसवन-सिवान मुख्य सड़क पर हुए सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान छपरा जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर निवासी मनोज चौरसिया के पुत्र कृष्णा कुमार के रूप में हुई है। घायल का इलाज अस्पताल में कराया गया।

## बंद मकान का ताला तोड़कर नकद सहित तीन लाख की चोरी

**सिवान।** महादेवा थाना क्षेत्र के बरईया टोला गांव में शनिवार की देर रात अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर नकद सहित करीब तीन लाख की संपत्ति चोरी कर ली। चोरी की जानकारी मकान मालिक को रविवार को तब हुई, जब वे घर पहुंचे। पीड़ित बरईया टोला निवासी जगत नारायण चौरसिया हैं। बताया कि 21 नवंबर की शाम वह अपने स्वजनों के साथ नातिन की शादी में शामिल होने देवरिया जिले के चंदरपुर गए थे। पूरा परिवार समारोह में व्यस्त था और घर पूरी तरह खाली था। रविवार को जब वह वापस लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ पड़ा है। अंदर जाने पर तीनों अलमारियों के दरवाजे खुले मिले और बक्सों को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया गया था। जगत नारायण चौरसिया ने थाना में आवेदन देकर बताया कि चोरों ने सोने-चांदी के 33 प्रकार के जेवरात, जिनमें चूड़ियां, बिछिया, मंगलसूत्र, हार, झुमका बाली, पायल, नथिया, टीका सहित चांदी के सिक्के की चोरी की है। साथ ही लगभग 1.40 लाख रुपए नकद तथा तीनों बेटों और उनकी पत्नियों के नए कपड़े भी चोरी कर ली है।

पीड़ित ने बताया कि शादी के कारण सारा सामान घर में सुरक्षित रख दिया गया था, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने उठा लिया।महादेवा थानाध्यक्ष विनीत विनायक ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसी फुटेज जांच की जा रही है।

## नौतन : बाइक व साइकिल की टक्कर में कमरुद्दीन अंसारी की मौत,पावन कुमार घायल

**परवेज अख्तर/सीवान।** नौतन थाना क्षेत्र के हथौजी मोड़ पर सोमवार की सुबह तेज रफ्तार बाइक व साइकिल की टक्कर हो गई। टक्कर में बाइक व साइकिल सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां इलाज के क्रम में वृद्ध की मौत हो गई। जबकि बाइक सवार की स्थिति गंभीर देख उसे रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनरों को सौंप दिया। मृतक नौतन थाना क्षेत्र के बड़का टोला हाता गांव निवासी बांसुमिया अंसारी के पुत्र कमरुद्दीन अंसारी के रूप में हुई है।जबकि घायल हसुआ गांव निवासी पवन कुमार है। घटना की सूचना मिलते ही दोनों के परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कमरुद्दीन अंसारी शादी विवाह में बाजा बजाने का काम करते हैं। सोमवार की सुबह वह साइकिल पर सवार होकर किसी अन्य जगह जा रहे थे। तभी सामने से बाइक पर सवार पवन ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पवन के स्वजनों ने बताया कि वह दसवीं कक्षा का छात्र है। कोचिंग में टेस्ट देने के लिए बाइक से जा रहा था। सड़क पार करने के दौरान वृद्ध बाइक के चपेट में आ गए और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पवन को गोरखपुर में भर्ती कराया गया है, जहां स्थिति गंभीर है। वहीं पुलिस ने घटनास्थल से क्षतिग्रस्त बाइक जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घटना के बाद स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## विज्ञान व गणित शिक्षकों के लिए विशेष उन्मुखीकरण कार्यशाला

**दारौंदा, (सिवान)।** सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक माहौल को और प्रभावी बनाने के लिए शिक्षा विभाग ने सोमवार को प्रखंड संसाधन केंद्र सभागार में विज्ञान एवं गणित शिक्षकों का संवर्धन उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित किया। कार्यशाला में कक्षा छह से आठ तक पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान सरल विधियों से पढ़ाने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक सच्चिदानंद तिवारी ने शिक्षकों को विज्ञान और गणित जैसे कठिन समझे जाने वाले विषयों को सरल, रोचक और बच्चों की भाषा में कैसे समझाया जाए इसकी जानकारी दी। कार्यशाला में 'खेल-खेल में पढ़ाई' की तकनीक पर विशेष जोर दिया गया, जिससे बच्चे विषयों को न सिर्फ जल्दी समझें, बल्कि सीखने में रुचि भी विकसित करें। शिक्षकों को पाठ आधारित सिलेबस को समय सीमा के अंदर पूरा करने, अध्यापन में गतिविधि-आधारित पद्धतियों का उपयोग करने और कक्षा में बच्चों की भागीदारी बढ़ाने के लिए कई उपयोगी निर्देश दिए गए। बीईओ सौरभ सुमन ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कक्षा छह से आठ के लिए पाठ आधारित प्रोजेक्ट को प्रभावी ढंग से लागू करना है, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर, रोचक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। शिक्षकों की क्षमता बढ़ाना ही इस प्रशिक्षण का सबसे बड़ा मकसद है। सभी शिक्षक प्रशिक्षण में पूरी गंभीरता से सहभागिता करें और कक्षा में सीखी गई तकनीकों को लागू कर बच्चों के भविष्य को मजबूत बनाएं। प्रशिक्षण में शामिल सभी विज्ञान और गणित शिक्षकों ने नई तकनीकों को ध्यान से सीखा। कई शिक्षकों ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला से उनके अध्यापन कौशल में सुधार होगा और बच्चे कठिन विषयों को भी आसानी से समझ सकेंगे। शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में मजबूत कदम दारौंदा शिक्षा विभाग की यह पहल न सिर्फ शिक्षकों की दक्षता बढ़ाने में मददगार साबित होगी, बल्कि इसका सीधा लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा।

## अंशु कुमारी बिहार राज्य जूनियर बालिका फुटबॉल टीम की कप्तान घोषित

**दैनिक खोज खबर/मैरवा (सारण)।** एक कहावत है की ÷होत बिरवान के होत चिकने पात इसी उक्ति को चरितार्थ कर रही है मुडियारी पंचायत स्थित लक्ष्मीपुर गांव की बेटी अंशु कुमारी ।लक्ष्मीपुर गांव के स्वर्गीय रामायण सिंह की पुत्री अंशु कुमारी गांव से निकली हुई एक स्टार फुटबॉलर है, वह रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी की आवासीय प्रशिक्षु खिलाड़ी है। काफी कमजोर परिवार से संबंधित अंशु के सिर से पिता का साया 1 साल पूर्व उठ गया, मां और भाई के मजदूरी से परिवार का खर्च चलता है ।अंशु बचपन से ही गांव में स्थित स्थापित रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी में फुटबॉल की गुर सिखते हुए राष्टीय स्तर पर बिहार के लिए कांस्य पदक जीतकर बिहार सरकार द्वारा खेल सम्मान से सम्मानित भी हो चुकी है साथ ही वह फीफा द्वारा आंध्र प्रदेश के हैदराबाद में स्थापित अकादमी के लिए भी ट्रायल दे चुकी है राज्य स्तर पर बात करें तो बिहार राज्य विद्यालय खेल प्रतियोगिता में सिवान के लिए तीन बार स्वर्ण पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई है।अंशु के कोच संजय पाठक बताते हैं कि यह बचपन से ही काफी जुनूनी ,संघर्षशील एवं मेहनती लड़की है जो अपने खेल से पूरे बिहार में छाप छोड़ चुकी है ।अंशु उत्क्रमित उच्च विद्यालय बिलासपुर की वर्ग नवीं की नियमित छात्रा है। अंशु के इस उपलब्धि पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय बिलासपुर के प्रधानाचार्य श्री राज कुमार सिंह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिलासपुर के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार सहित सभी शिक्षकों ने अंशु को शुभकामनाएं और बधाई दी है।

# युवक की चाकू गोदकर हत्या मामले में चार नामजद प्राथमिकी,छापेमारी तेज

**परवेज अख्तर/सीवान।** धनौती थाना क्षेत्र के धनौती गांव में 22 नवंबर की सुबह पीड़िया विसर्जन के दौरान ट्रैक्टर हटाने को लेकर हुए विवाद में गांव के कुछ युवकों ने झूलन प्रसाद के पुत्र गुड्डू प्रसाद की चाकू घोंप कर हत्या कर दी थी। मामले में मृत गुड्डू की मां कमलावती देवी ने चार पर नामजद कर प्राथमिकी कराई है। वहीं पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नामजद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। धनौती थानाध्यक्ष दिनेश कुमार पांडेय ने बताया कि प्राथमिकी हो गई है। मामले में नामजद सुमित कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया है। वहीं अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। मृतक की मां कमलावती देवी ने अपनी प्राथमिकी में बताया कि 22 नवंबर को अपनी पुत्री सरोज कुमारी के साथ गांव के पश्चिम पीड़िया को लेकर मोहल्ले की लड़कियों के साथ गए थे। रास्ते में मेरे ही मोहल्ला के रहने वाले अतुल सिंह अपना ट्रैक्टर लगाए थे, तो मेरी पुत्री ने अतुल सिंह से ट्रैक्टर हटाने का अनुरोध किया।अतुल सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर की चाबी जितेंद्र यादव की पुत्री मीना कुमारी के पास है। इसके बाद मेरी पुत्री चाभी मांगने मीना कुमारी के पास गई, मीना ने बताया कि गाड़ी की चाबी पंकज कुमार के पास है। जब हमलोगों ने पकंज से चाबी मांगी तो उसने ट्रैक्टर हटाने से मना कर दिया। इसके बाद नोकझोंक हो गई और र पंकज, सुमित कुमार यादव, पुष्पा देवी व रामविलास यादव ने मिलकर मेरी पुत्री की पिटाई कर दी। मेरा बड़ा पुत्र सत्येंद्र प्रसाद व सबसे छोटा पुत्र गुड्डू प्रसाद उसे घायलावस्था में लेकर थाना में शिकायत करने गए। गुड्डू प्रसाद इलाज कराने के लिए घर से रुपये लाने जा रहा था तभी रास्ते में घात लगाकर बैठे पंकज व सुमित ने मेरे पुत्र को चाकू मारकर घायल कर दिया। जिसकी मौत इलाज के दौरान हो गई।

## तीस लीटर देसी शराब सहित एक गिरफ्तार

**दारौंदा, (सिवान)।** थाना क्षेत्र के लोपर स्थित आम के बगीचे में रविवार की शाम दारौंदा पुलिस ने छापेमारी कर देसी शराब की बिक्री करते हुए एक धंधेबाज को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से तीन प्लास्टिक के थैलों में भरी कुल 30 लीटर देसी शराब भी जब्त की। गिरफ्तार युवक की पहचान लोपर निवासी जोधा राम के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वह दसङ्कदस लीटर वाले तीन थैलों में देसी शराब रखकर बिक्री कर रहा था। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया।इस संबंध में सहायक अवर निरीक्षक गुरुदेव मंडल के बयान पर दारौंदा थाना कांड संख्या 560/2025 के तहत प्राथमिकी की गई है। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपित को सोमवार को न्यायालय भेज दिया।

## रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी की छः खिलाड़ी बिहार जूनियर फुटबॉल टीम में शामिल

**दैनिक खोज खबर/मैरवा (सीवान)।** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन द्वारा आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले में 26 नवंबर 2025 से 8 दिसंबर 2025 तक आयोजित राष्टीय जूनियर अंडर 17 बालिका फुटबॉल चैंपियनशिप हेतु घोषित बिहार की 20 सदस्यीय फुटबॉल टीम में रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी की 6 खिलाड़ियों का चयन हुआ है ।चयनित खिलाड़ी बिहार टीम के साथ अनंतपुर के लिए रवाना हो गई है ।रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी के संस्थापक सह निदेशक संजय पाठक ने बताया कि बिहार राज्य जूनियर बालिका फुटबॉल टीम चयन सह प्रशिक्षण शिविर में बिहार से कुल 38 खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिसमें अंतिम रूप से 20 खिलाड़ियों का चयन चयन समिति द्वारा किया गया। खेल कौशल एवं बेहतर प्रदर्शन के आधार पर नेतृत्व क्षमता को देखते हुए रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी की खिलाड़ी अंशु कुमारी को बिहार टीम का कप्तान बनाया गया है ।चयनित सभी खिलाड़ियों को रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी के मुख्य संरक्षक डॉक्टर आर एन ओझा ,आई एम ए सिवान के अध्यक्ष डॉ शशि भूषण सिंहा ,सचिव डॉक्टर शरद चौधरी, डॉक्टर रिता सिंहा ,डॉक्टर संगीता चौधरी, डॉक्टर राम एकबाल प्रसाद गुप्ता, डॉ रामजी चौधरी, डॉक्टर अशोक कुमार, डॉ इंद्र मोहन, डॉ आशुतोष सिंहा ,डॉक्टर शंकर सिंह, डॉक्टर आरती रानी पांडेय ,विनय कुमार पांडेय ,आर एल बी एस ए फाउंडेशन के निदेशक राजीव लोचन मिश्रा सहित कई अन्य खेल प्रेमियों ने चयनित खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी है।

# बिहार की जनता से किया वादा केंद्र व राज्य सरकार करेगी पूरा : मंगल पांडेय

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** स्वास्थ्य सह विधि मंत्री सह सदर विधायक मंगल पांडेय ने सोमवार को बरहन गोपाल, सुंदरपुर पंचायत सुंदरपुर बाजार, लकड़ी बाजार, सियारी मठिया सहित विभिन्न गांव का दौरा कर लोगों का आभार व्यक्त किया। कहा कि मतदाताओं के कारण मुझे सिवान की सेवा करने का मौका मिल रहा है। बिहार की जनता ने एक बार पुन~ एनडीए के सरकार बनवाकर नीतीश कुमार को काम करने का मौका दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेहतर शिक्षा, रोजगार और प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने का संकल्प लिया है। उस संकल्प को सरकार नीतीश कुमार के नेतृत्व में पूरा करेगी। मंत्री परिषद में दायित्व मिलने के बाद पहली बार अपने गृह जिला में आया हूं। मैंने सिवान की सेवा के लिए संकल्प लिया है जो आने वाले दिनों में विकास के रूप में दिखेगा। मैंने विधान पार्षद के रूप में 13 साल सिवान की जनता की सेवा की है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, दारौंदा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह, जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार बंटी, जिला परिषद अध्यक्ष संगीता यादव, पंकज किशोर सिंह, आदि लोग मौजूद थे।

## करकटनुमा मकान में आग लगने से नकद समेत एक लाख का नुकसान, मवेशी भी झुलसे

**बडहरिया (सिवान)।** थाना क्षेत्र के सुरहिया वार्ड नंबर चार स्थित लालबहादुर यादव की करकटनुमा मकान में रविवार की रात अचानक आग लग गई। आग की लपटों को देख स्थानीय लोग जबतक मौके पर पहुंचे सबकुछ जलकर राख हो चुका था। इस अगलगी में नकद 20 हजार सहित एक लाख से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। वहीं दो गाय, एक बछड़ा, और एक बकरी आग की लपटों से झुलस कर घायल हो गईं। घटना की सूचना पाकर सोमवार को सामाजिक कार्यकर्ता रामबाबू यादव, अभय शर्मा,भोज यादव संतोष पंडित, विपिन शर्मा सहित सीओ ने मौके पर पहुंच कर जांच की और पीड़ित परिवार को सहायता का आश्वास दिया। वहीं पीड़ित द्वारा आवेदन देकर मुआवजा की मांग की गई है।

# दंपती के बीच हुए विवाद का निपटारा करने गई पुलिस टीम पर हमला, प्राथमिकी दर्ज

**परवेज अख्तर/सीवान।** चैनपुर सिसवन थाना क्षेत्र के ऊबधी गांव में 24 की रात्रि दंपती के बीच हुए विवाद को सुलझाने पहुंची पुलिस टीम पर महिला के पति ने हमला कर दिया। हमले में टीम में शामिल एसआई व दो जवान घायल हुए हैं। मामले में पुलिस ने स्थानीय गांव निवासी रुदल साह के पुत्र महाल साह सहित तीन लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी की है। जानकारी के अनुसार रुदल साह और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद की सूचना किसी ने स्थानीय टीम को दी। सूचना पर थाना के एसआई कन्हैया सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। इसी बीच प्रताड़ित महिला के पति रुदल साह ने अचानक जांच टीम पर हमला कर दिया और उनकी जमकर पिटाई कर दी ,जिससे वो घायल हो गए। पदाधिकारी को बचाने गए सिपाही संजय यादव और नागेंद्र कुमार के साथ भी रुदल ने मारपीट की। इसके बाद वह फरार हो गया। घायल एसआई का इलाज सिसवन के रेफरल अस्पताल में कराया गया है।पुलिस प्राथमिकी कर आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## कार व स्कार्पियो की टक्कर में दो घायल

**आंदर (सिवान)।** आंदर थाना क्षेत्र के जयजोर पुल पर सोमवार की संध्या स्कार्पियो व कार में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर में दो लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आंदर थाना की पुलिस जांच में जुट गई।घायलों में एक महिला व एक युवक शामिल हैं। दोनों घायलों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार चंदौली गांव से कुछ लोग कार में सवार होकर रघुनाथपुर स्थित निबंधन कार्यालय जा रहे थे। इसी दौरान आंदर की तरफ से आ रही स्कार्पियो ने कार में सामने से टक्कर मार दी है। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। थोड़ी देर में सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और दोनो वाहनों को जब्त कर थाना लेकर चली गई। जिसके बाद दोनों वाहन मालिकों के समझौते के बाद पुलिस ने जब्त वाहनों को छोड़ दिया। थानाध्यक्ष पप्पन कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक महिला व एक युवक घायल हो गया था। समझौता होने के बाद दोनों वाहन छोड़ दिए गए।

